## प्रतियोगिता परीक्षा विशेष

# समसामयिकी

## तीव्र अवलोकन

# वार्षिकी 2021-22

**आगामी यूपीपीसीएस प्रा. परीक्षा, एमपीपीसीएस प्रा. परीक्षा, 67वीं बीपीएससी परीक्षा तथा विभिन्न राज्यों द्वारा आयोजित होने वाली अन्य अधीनस्थ परीक्षाओं हेतु उपयोगी**


**संपादक**

एन. एन. ओझा

**लेखन एवं प्रस्तुति**

क्रॉनिकल संपादकीय समूह



CHRONICLE

Nurturing Talent Since 1990

प्रतियोगिता परीक्षा विशेष

# समसामयिकी तीव्र अवलोकन
# वार्षिकी 2021-22

**बुक कोडः 397**

**संस्करण 2022**

**मूल्यः ₹135/-**

**प्रकाशक**

क्रॉनिकल पब्लिकेशंस प्रा. लि.

**कॉरपोरेट ऑफिसः**

ए-27डी, सेक्टर-16, नोएडा-201301,
फोन नं: 0120-2514610-12,
E-mail : info@chronicleindia.in

**संपर्क सूत्रः**

**संपादकीय :** 9582948817, editor@chronicleindia.in
**ऑनलाइन सेल सहयोगः** 9582219047, onlinesale@chronicleindia.in
**तकनीकी सहयोग :** 9953007634, Email Id: it@chronicleindia.in
**विज्ञापन :** 9953007627, advt@chronicleindia.in
**सदस्यता :** 9953007629, Subscription@chronicleindia.in
**प्रिंट संस्करण सेल :** 9953007630, circulation@chronicleindia.in

**सर्वाधिकार सुरक्षित © क्रॉनिकल पब्लिकेशंस प्रा. लि.:** इस प्रकाशन के किसी भी अंश का प्रतिलिपिकरण, ऐसे यंत्र में भंडारण जिससे इसे पुनः प्राप्त किया जा सकता हो या स्थानान्तरण, किसी भी रूप में या किसी भी विधि से- इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, फोटो-प्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग या किसी और ढंग से, प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता।

पुस्तक में प्रकाशित सामग्री उपरोक्त विषय पर प्रकाशित पुस्तकों/जर्नल/रिपोर्ट/ऑनलाइन कंटेंट आदि से संकलित है। लेखक/संकलनकर्ता/प्रकाशक, प्रकाशित सामग्री की मूल लेखन का दावा नहीं करता। प्रकाशित सामग्री को पूर्णतः त्रुटि रहित बनाने का प्रयास किया गया है, फिर भी किसी भी प्रकार के त्रुटि के लिए क्षतिपूर्ति का दावा प्रकाशक/लेखक द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। शंका की स्थिति में पाठक स्वयं भारत सरकार के दस्तावेज व अन्य स्रोतों के माध्यम से जांच कर सकते हैं

सभी विवादों का निपटारा दिल्ली न्यायिक क्षेत्र में होगा।, **पंजीकृत कार्यालयः** एच-31, जी.पी. एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110016, **मुद्रकः** एस के एंटरप्राइजेज, मुंडका, उद्योग नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली - 110041

# अनुक्रमणिका


1. राष्ट्रीय घटनाक्रम ........ 5–22
2. अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम ........ 23–35
3. आर्थिक घटनाक्रम ........ 36–49
4. पर्यावरण व पारिस्थितिकी ........ 50–57
5. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ........ 58–64
6. योजना एवं कार्यक्रम ........ 65–77
7. नियुक्ति ........ 78–80
8. निधन ........ 81–82
9. प्रमुख युद्धाभ्यास ........ 83–84
10. प्रमुख सूचकांक ........ 85–93
11. प्रमुख दिवस ........ 94–96
12. बैठक एवं सम्मेलन ........ 97–102
13. रक्षा-सुरक्षा ........ 103–106
14. पुरस्कार ........ 107–115
15. खेल घटनाक्रम ........ 116–127
16. केन्द्रीय बजट 2022–23 ........ 128–133
17. आर्थिक सर्वेक्षण 2021–22 ........ 134–136
18. फसल एवं खनिज उत्पादन ........ 137–140
19. उत्तर प्रदेश विशेष समसामयिक घटनाक्रम ........ 141–144


❖❖❖❖

# 01 राष्ट्रीय घटनाक्रम

## उत्कर्ष महोत्सव

9 मई, 2022 को नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय उत्कर्ष महोत्सव का आयोजन किया गया।

### मुख्य बिंदु

इस उत्कर्ष महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य देश भर में और विदेशों में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देना है।

- ❖ इस महोत्सव का मुख्य विषय (Three) थ्री- 'नए शैक्षिक युग में संस्कृत अध्ययन का वैश्विक अभिविन्यास'।

## सुप्रीम कोर्ट में दो न्यायाधीशों की नियुक्ति

9 मई, 2022 को नई दिल्ली में मुख्य न्यायाधीश एन वी रमना ने न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जमशेद बरजोर परदीवाला को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई।

### मुख्य बिंदु

वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में अब सभी रिक्त पदों पर न्यायाधीशों की नियुक्ति कर दी गयी है। उच्चतम न्यायालय में 34 न्यायाधीशों के पद स्वीकृत हैं।

- ❖ उच्चतम न्यायालय की कॉलेजियम ने हाल ही में गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुधांशु धूलिया और गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जे बी परदीवाला को उच्चतम नयायालय में न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की थी।

## जीतो कनेक्ट 2022

6 मई, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुणे में जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन (JITO) द्वारा आयोजित एक वैश्विक शिखर सम्मेलन JITO कनेक्ट के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। जीतो कनेक्ट 2022 का आयोजन 6 से 8 मई, 2022 के मध्य किया गया।

### जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन के बारे में

जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन (JITO) दुनिया भर में जैनियों को जोड़ने वाला एक वैश्विक संगठन है।

- ❖ जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन (JITO Connect) आपसी नेटवर्किंग और व्यक्तिगत बातचीत के लिए एक अवसर प्रदान करके व्यापार और उद्योग की मदद करने का एक प्रयास है।

## राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5)

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने 5 मई, 2022 को गुजरात के वडोदरा में आयोजित 'स्वास्थ्य चिंतन शिविर' में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के पांचवें दौर (एनएफएचएस-5) [National Report of the fifth round of National Family Health Survey (NFHS-5)] की विस्तृत रिपोर्ट जारी की। एनएफएचएस-5 के कुछ महत्वपूर्ण निश्कर्ष नवंबर 2021 में जारी किए गए थे। एनएफएचएस-5 के सर्वेक्षण का कार्य देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 707 जिलों में किया गया है।

### प्रमुख निष्कर्ष

कुल प्रजनन दर (टीएफआर), प्रति महिला बच्चों की औसत संख्या, एनएफएचएस-4 और 5 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर 2.2 से 2.0 तक कम हुई है।

- ❖ भारत में केवल पांच राज्य हैं, जो प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर से 2.1. ऊपर हैं इनमें बिहार (2.98), मेघालय (2.91), उत्तर प्रदेश (2.35), झारखंड (2.26) और मणिपुर (2.17) शामिल हैं।
- ❖ NFHS-5 के अनुसार भारत का लिंगानुपात पहली बार 1000 के ऊपर पहुंच गया है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रति 1000 पुरुषों पर अब 1020 महिलाएं है।
- ❖ समग्र गर्भनिरोधक प्रसार दर (सीपीआर) देश में 54% से बढ़कर 67% हो गया है।
- ❖ परिवार नियोजन की अधूरी जरूरतें 13 फीसदी से घटकर 9 फीसदी रह गई हैं।
- ❖ भारत में संस्थागत जन्म 79 प्रतिशत से बढ़कर 89 प्रतिशत हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगभग 87 प्रतिशत जन्म संस्थानों में होता है और शहरी क्षेत्रों में यह 94 प्रतिशत है।
- ❖ अरुणाचल प्रदेश में संस्थागत जन्म में अधिकतम 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- ❖ पिछले चार वर्षों से भारत में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में स्टंटिंग का स्तर 38 से 36 प्रतिशत तक मामूली रूप से कम हो गया है।
- ❖ NFHS-5 के अनुसार भारत में 5 वर्ष से कम आयु के ठिगनेपन से ग्रस्त बच्चे (Stunted Children) 35.5% है। वहीं 5 वर्ष से कम आयु के दुर्बल बच्चे (Wasted Children) 19.3% तथा अल्प वजन वाले बच्चे 33.8% है।

## आपदा रोधी अवसंरचना पर चौथा सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 4 मई, 2022 को 'आपदा रोधी अवसंरचना पर चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन' (4th International Conference on Disaster Resilient Infrastructure) के उद्घाटन सत्र को वीडियो संदेश के माध्यम से सम्बोधित किया।

- ❖ आपदा रोधी अवसंरचना पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (ICDRI) 'आपदा रोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन' (CDRI) का वार्षिक सम्मेलन है।

# 02

# अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम

## प्रधानमंत्री मोदी की यूरोप यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 02-04 मई 2022 तक जर्मनी, डेनमार्क और फ्रांस की आधिकारिक यात्रा (Official Visit) की। वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री की यह पहली विदेश यात्रा थी।

- अपनी इस यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी ने दूसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन (2nd India-Nordic Summit) के दौरान अन्य नॉर्डिक नेताओं- आइसलैंड की प्रधानमंत्री कैटरीन जैकब्सडॉटिर (Katrin Jacobsdottir), नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर (Jonas Gahar Store), स्वीडन की प्रधानमंत्री मैग्डेलेना एंडरसन (Magdalena Anderson) और फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मारिन (Sana Marin) के साथ भी वार्ता की।

### भारत-जर्मनी

बर्लिन में, प्रधानमंत्री ने जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज (Olaf Scholz) के साथ द्विपक्षीय वार्ता के साथ-साथ **हरित और सतत विकास** (Green and Sustainable Development) में साझेदारी की।

- साथ ही वन लैंडस्केप बहाली (Forest Landscape Restoration) पर संयुक्त घोषणा की गयी।

### भारत-डेनमार्क

3 मई, 2022 को भारतीय प्रधानमंत्री ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री, मेटे फ्रेडरिकसेन (Mette Fredriksen) के आमंत्रण पर कोपेनहेगन की आधिकारिक यात्रा की। उन्होंने डेनमार्क की मेजबानी में राजधानी कोपनहेगन में आयोजित किए गए दूसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन (2nd India-Nordic Summit) में भी भाग लिया।

- इस अवसर पर हरित रणनीतिक साझेदारी (Green Strategic Partnership-GSP) के रूप में किया जाने वाला आयोजन भारत और डेनमार्क के मध्य अपनी तरह का पहला आयोजन था।

## छठा भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी परामर्श

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी के संघीय गणराज्य के चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ 2 मई, 2022 को छठे भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी परामर्श [(India-Germany Inter-Governmental Consultations (IGC)] के पूर्ण सत्र की सह-अध्यक्षता की।

- **हरित और सतत विकास साझेदारी:** प्रधानमंत्री और चांसलर स्कोल्ज द्वारा 'हरित और सतत विकास साझेदारी' (Green and Sustainable Development Partnership) की स्थापना की संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किया गया। इस साझेदारी के तहत जर्मनी 2030 तक 10 बिलियन यूरो की नई और अतिरिक्त विकास सहायता की अग्रिम प्रतिबद्धता करने के लिए सहमत हो गया है।

## नेपाल अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल

हाल ही में नेपाल द्वारा अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance – ISA) के फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। इस प्रकार नेपाल अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का 105वां सदस्य देश बन गया है।

### अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के बारे में

30 नवंबर, 2015 को पेरिस में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के शुभारंभ की घोषणा भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तत्कालीन फ्रांसीसी राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद द्वारा की गई थी।

- इसका मुख्यालय गुरुग्राम में स्थित है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के 21वें सत्र (कॉप21) में तत्कालीन संयुक्त राष्ट्र महासचिव और 120 देशों के प्रमुखों ने इस शुभारंभ में भाग लिया था।

## भारत-यूनाइटेड किंगडम संबंध

21 अप्रैल, 2022 को यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन (Boris Johnson) की दो दिवसीय भारत यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने 'ग्लोबल इनोवेशन पार्टनरशिप' (GIP) और 'न्यूक्लियर एनर्जी पार्टनरशिप' (NEP) से संबंधित दो समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर हस्ताक्षर किए।

### वैश्विक नवाचार साझेदारी (GIP)

GIP के अंतर्गत भारतीय उद्यमियों एवं अन्वेषकों को बुनियादी वित्तपोषण (Seed funding), अनुदान, निवेश तथा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा।

- इससे भारत के अन्वेषकों को अन्य देशों में अपने नवाचार का विकास करने में मदद मिलेगी। साथ ही, इससे देश में नए बाजार विकसित होंगे और नवाचारी परिवेश को भी बढ़ावा मिलेगा।

### न्यूक्लियर एनर्जी पार्टनरशिप (NEP)

परमाणु ऊर्जा साझेदारी के लिए वैश्विक केंद्र पर सहयोग [Cooperation on Global Centre for Nuclear Energy Partnership (GCNEP)] के संदर्भ में भारत तथा यूके (India & UK) के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

### त्रिपक्षीय विकास निगम कोष (TDC Fund)

सरकार के समर्थन से निजी क्षेत्रों को हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में निवेश हेतु आगे आने के लिए भारत द्वारा टीडीसी फंड (TDC Fund) लॉन्च किया गया है।

- भारत का लक्ष्य GIP में योगदान करने के लिए TDC Fund का उपयोग करना है। यह विकासात्मक पूंजी निवेश, अनुदान और तकनीकी सहायता जैसी मदद से भारतीय नवाचारों और स्टार्ट-अप को वैश्वीकरण की प्रक्रिया में भागीदार बनाने में मदद करेगा।

## नेपाल यूपीआई को अपनाने वाला पहला देश बना

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने कहा कि नेपाल भारत की यूपीआई प्रणाली को अपनाने वाला पहला देश बन जाएगा, जो पड़ोसी देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

❖ **मुख्य तथ्यः** 17 फरवरी, 2022 को एनपीसीआई की अंतरराष्ट्रीय शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने नेपाल में सेवाएं प्रदान करने के लिए 'गेटवे पेमेंट्स सर्विस' और 'मनम इन्फोटेक' के साथ साझेदारी की है।

## भारत और जर्मनी सहयोग कार्य योजना 2022

भारत और जर्मनी ने 16 फरवरी, 2022 को 'भारत और जर्मनी सहयोग कार्य योजना 2022' पर हस्ताक्षर किए।

❖ **उद्देश्यः** गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, व्यापार के लिए तकनीकी बाधाओं को कम करना, उत्पाद सुरक्षा को बढ़ाना और उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करना।

## एचआईवी से ठीक होने वाली पहली महिला

15 फरवरी, 2022 को शोधकर्ताओं के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका की 64 वर्षीय महिला एचआईवी से ठीक होने वाली पहली महिला और तीसरी इंसान बन गई है।

### अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

➢ **साइबर सुरक्षा कौशल विकास अभियानः** माइक्रोसॉफ्ट ने इंटरनेट सुरक्षा पेशेवरों की भारी कमी को दूर करने के लिए भारत सहित 23 देशों में 'साइबर सुरक्षा कौशल विकास अभियान' शुरू किया है।

➢ **वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म काउंसिलः** वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म काउंसिल (WTTC) का 21वां वैश्विक शिखर सम्मेलन 14 से 16 मार्च, 2022 तक मनीला, फिलीपींस में आयोजित किया गया।

➢ **हिलाल-ए-पाकिस्तानः** पाकिस्तान ने 17 फरवरी को माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक और अरबपति परोपकारी बिल गेट्स को गरीबी तथा पोलियो और तापेदिक जैसी बीमारियों को कम करने में उनके योगदान के लिए अपने दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान 'हिलाल-ए-पाकिस्तान' (Hilal-e-Pakistan) से सम्मानित किया है।

➢ **अनाज वाणिज्य प्लेटफॉर्म आर्य.एजी (Arya.ag):** हाल ही में अनाज वाणिज्य प्लेटफॉर्म आर्य.एजी संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट इंडिया में शामिल हो गया है।

➢ **तरलीकृत प्राकृतिक गैस आपूर्ति समझौताः** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूरोपीय महाद्वीप की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति के लिए मार्च 2022 में यूरोपीय संघ के साथ एक समझौता किया है।

➢ **ग्रीन ट्राएंगल (ग्रीन स्पेस):** 16 मार्च, 2022 को मेडागास्कर की राजधानी एंटानानारिवो में महात्मा गांधी के नाम पर एक 'ग्रीन ट्राएंगल' (ग्रीन स्पेस) का उद्घाटन किया गया।

➢ **प्रतिबंध झेलने वाला देशः** मार्च 2022 में न्यूयॉर्क स्थित प्रतिबंध वॉचलिस्ट साइट Castellum.AI के अनुसार, यूक्रेन पर हमला करने के बाद रूस दुनिया का सबसे ज्यादा प्रतिबंध झेलने वाला देश बन गया है।

❖ ल्यूकेमिया रोगी इस महिला को एड्स पैदा करने वाले वायरस के लिए प्राकृतिक प्रतिरोध वाले किसी व्यक्ति से स्टेम सेल प्रत्यारोपण प्राप्त हुआ है। 2017 में स्टेम सेल प्रत्यारोपण की मदद से उनका उपचार किया गया।

## अमेरिका की नई हिंद-प्रशांत रणनीति

अमेरिका ने 11 फरवरी, 2022 को अपनी बहुप्रतीक्षित नई हिंद-प्रशांत रणनीति की घोषणा की।

❖ **मुख्य तथ्यः** यह रणनीति हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चुनौतियों जैसे- चीन की विस्तारवादी नीति, महामारी और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सामूहिक क्षमता निर्माण पर केंद्रित है।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया पर्यटन सहयोग

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने 11 फरवरी, 2022 को नई दिल्ली में पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

**मुख्य बिंदु**

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की ओर से वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ऑस्ट्रेलिया सरकार की ओर से व्यापार, पर्यटन और निवेश मंत्री दान तेहान द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

❖ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर इस महत्वपूर्ण स्रोत बाजार (ऑस्ट्रेलिया) से पर्यटकों के आगमन को बढ़ाने में सहायक होगा।

## मोंट्रेक्स कन्वेंशन

तुर्की अपने दो सामरिक जलडमरूमध्य के माध्यम से नौसेना के मार्ग पर मोंट्रेक्स कन्वेंशन (Montreux Convention) को लागू करने के लिए तैयार है, जो उन्हें भूमध्य सागर और काले सागर के बीच रूसी युद्धपोतों को प्रवेश करने से रोकने के लिए अधिकृत करेगा

❖ **मोंट्रेक्स कन्वेंशनः** जलडमरूमध्य के शासन से संबंधित 1936 का मोंट्रेक्स कन्वेंशन तुर्की को काला सागर के बीच जल मार्ग पर नियंत्रण प्रदान करता है।

## हॉर्न ऑफ अफ्रीका में गंभीर सूखे की स्थिति

8 फरवरी, 2022 को संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) के अनुसार, गंभीर सूखे की स्थिति के कारण हॉर्न ऑफ अफ्रीका में अनुमानित रूप से 13 मिलियन लोगों को गंभीर भूख का सामना करना पड़ रहा है।

❖ **'हॉर्न ऑफ अफ्रीका' के बारे में:** हॉर्न ऑफ अफ्रीका अफ्रीका, महाद्वीप का सबसे पूर्वी विस्तार है, जिसमें इथियोपिया, इरिट्रिया, सोमालिया और जिबूती शामिल हैं।

## श्रीलंका का एकात्मक डिजिटल पहचान फ्रेमवर्क

श्रीलंका सरकार ने 7 फरवरी, 2022 को भारत के 'आधार' की तर्ज पर 'एकात्मक डिजिटल पहचान फ्रेमवर्क' (Sri Lanka's Unitary Digital Identity framework) के कार्यान्वयन की घोषणा की है।

❖ भारत ने श्रीलंका को इस फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन के लिए अनुदान प्रदान करने की सहमति जतायी है।

# 03 आर्थिक घटनाक्रम

## डिजिटल ब्रोकिंग समाधान : ई-ब्रोकिंग

7 मई, 2022 को सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने अपने ग्राहक उत्पादों के व्यापक डिजिटलीकरण की दिशा में एक रणनीतिक कदम के रूप में अपना डिजिटल ब्रोकिंग समाधान -'ई-ब्रोकिंग' पेश किया।

### मुख्य बिंदु

ई-ब्रोकिंग एक त्वरित और कागज रहित डीमैट और ट्रेडिंग खाता है।

- ई-ब्रोकिंग पहल से बैंक को अपना चालू खाता और बचत खाता बढ़ाने में मदद मिलेगी।
- यह पहल ग्राहकों को भारतीय जीवन बीमा निगम की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में प्रभावी रूप से निवेश करने में सक्षम बनाती है।

## एंटरप्राइज इंडिया नेशनल कॉयर कॉन्क्लेव, 2022

केंद्रीय एमएसएमई मंत्री श्री नारायण राणे और एमएसएमई राज्य मंत्री श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने 5 मई, 2022 को तमिलनाडु के कोयंबटूर में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित किए जा रहे एंटरप्राइज इंडिया नेशनल कॉयर कॉन्क्लेव 2022 का उद्घाटन किया।

### मुख्य बिंदु

इस आयोजन में 44 कॉयर और कॉयर उत्पाद निर्माण/निर्यात करने वाली संस्थाओं को कॉयर उद्योग पुरस्कार प्रदान किए गए। इसमें कॉयर बोर्ड ने नए कॉयर उत्पादों का भी अनावरण किया जैसे कि कॉयर कम्पोजिट फ्रूट बाउल, जियो-टेक्सटाइल शैडो लैंप, कॉयर बटन आदि।

- एक प्राकृतिक, बायोडिग्रेडेबल और पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी वस्तु के रूप में कॉयर के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 'रन फॉर कॉयर' आयोजित किया जाएगा।

## बनिहाल-काजीगुंड रोड सुरंग

24 अप्रैल, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनी 'बनिहाल-काजीगुंड रोड सुरंग' (Banihal-Qazigund Road Tunnel) का उद्घाटन किया।

### मुख्य बिंदु

8.45 किमी लंबी यह सुरंग बनिहाल और काजीगुंड के बीच सड़क की दूरी को 16 किमी. कम कर देगी और यात्रा के समय को लगभग डेढ़ घंटे कम कर देगी।

- उन्होंने किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर 850 मेगावाट की रतले जलविद्युत परियोजना (Ratle Hydroelectric Project) और 540 मेगावाट की क्वार जलविद्युत परियोजना (Kwar Hydroelectric Project) की आधारशिला भी रखी।

## वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक का नवीन संस्करण

अप्रैल 2022 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund-IMF) ने 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' (World Economic Outlook) का नवीनतम संस्करण जारी किया।

- IMF ने इस संस्करण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि से संबंधित अपने पूर्वानुमान को घटाकर 8.2% कर दिया है।
- इसके बावजूद, भारत विश्व में सबसे तीव्र गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। आईएमएफ द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार भारत की विकास दर (8.2%) चीन के 4.4% की तुलना में लगभग दो गुनी है।

### नवीनतम संस्करण के मुख्य बिंदु

भारत के संदर्भ में अनुमान लगाते हुए IMF ने कहा है कि, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 8.2% रहेगी। यह वर्ष 2021 में IMF द्वारा जारी किए गए पिछले अनुमानों (9%) से 0.8% कम है।

- IMF के अनुसार, वर्ष 2021 में भारत ने 8.9% की वृद्धि दर दर्ज की है तथा वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.9% की दर से बढ़ने का अनुमान है।
- वैश्विक विकास दर के संदर्भ में IMF का कहना है कि वर्ष 2023 में इसके 3.6% रहने का अनुमान है जो कि पिछले अनुमानों की तुलना में 0.2% कम है।

## फिन्क्लुवेशन

अप्रैल 2022 में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) ने 'फिन्क्लुवेशन' (Fincluvation) पहल लॉन्च करने की घोषणा की।

### मुख्य बिंदु

यह वित्तीय समावेशन हेतु समाधानों के सह-सृजन तथा नवोन्मेषण (Co-Creation and Innovation) के लिये फिनटेक स्टार्टअप समुदाय (Fintech Startup Community) के साथ सहयोग करने के उद्देश्य से आरंभ की जाने वाली एक संयुक्त पहल है।

- फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) शब्द व्यवसायों द्वारा उपयोग किये जाने वाले उन सॉफ्टवेयर और अन्य आधुनिक तकनीकों को संदर्भित करता है जो स्वचालित एवं आयातित वित्तीय सेवाएं प्रदान करते हैं।

## एशिया का सबसे बड़ा बायो-सीएनजी संयंत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 फरवरी, 2022 को मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में एशिया के सबसे बड़े बायो-सीएनजी संयंत्र 'गोबर-धन' का उद्घाटन किया।

# 04 पर्यावरण व पारिस्थितिकी

## ट्री सिटीज ऑफ द वर्ल्ड 2021

12 अप्रैल 2022 को संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (UN-FAO) और गैर-सरकारी और गैर-लाभकारी संगठन 'आर्बर डे फाउंडेशन' द्वारा मुंबई और हैदराबाद को 'ट्री सिटीज ऑफ द वर्ल्ड 2021' (Tree Cities of the World 2021) के रूप में मान्यता दी गई है।

### मुख्य बिंदु

दो भारतीय शहरों ने 'स्वस्थ, लचीले और खुशहाल शहरों के निर्माण में शहरी वृक्षों को उगाने और हरियाली बनाए रखने की प्रतिबद्धता' के लिए मान्यता हासिल की है।

- हैदराबाद को लगातार दूसरे साल इस सूची में शामिल किया गया है। मुंबई को पहली बार सूची में स्थान प्राप्त हुआ है।
- 21 देशों के कुल 138 शहर 'ट्री सिटीज ऑफ द वर्ल्ड 2021' सूची का हिस्सा हैं।
- **ट्री सिटीज ऑफ द वर्ल्डः** यह संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन और अमेरिकी गैर-लाभकारी संगठन आर्बर डे फाउंडेशन द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम है।

## राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की 20वीं बैठक

केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में 9 अप्रैल, 2022 को अरुणाचल प्रदेश के पक्के बाघ अभयारण्य में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) की 20वीं बैठक आयोजित की गई।

### मुख्य बिंदु

NTCA के इतिहास में पहली बार इसकी बैठक राष्ट्रीय राजधानी के बाहर हुई।

- केन्द्रीय मंत्री ने NTCA द्वारा तैयार 'जंगलों में बाघों की पुनः प्रस्तुति और पूरकता' (Tiger reintroduction and supplementation in wild) के संबंध में मानक संचालन प्रोटोकॉल तथा टाइगर रिजर्व के लिए वनाग्नि ऑडिट प्रोटोकॉल (forest fire audit protocol) जारी किया।

## COP–4 मिनामाता सम्मेलन

21 से 25 मार्च, 2022 में इंडोनेशिया के बाली में पारा पर COP-4 मिनामाता सम्मेलन (Minamata Convention) का आयोजन हुआ था।

### मुख्य बिंदु

यह सम्मेलन नवंबर 2021 में हुए पहले ऑनलाइन खंड के समापन के बाद आयोजित किया गया है।

- इस सम्मेलन में बाली घोषणापत्र प्रस्तुत किया गया था।
- मिनीमाता सम्मलेन का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को पारा तथा इसके यौगिकों के हानिकारक प्रभावों से सुरक्षित करना है।
- पारे पर मिनामाता कन्वेंशन 2013 में अंगीकृत एक अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण संधि है।

## अर्थ आवर

26 मार्च, 2022 को रात 8:30 से 9:30 बजे तक विश्व भर में 'अर्थ आवर' (Earth Hour) मनाया गया।

### मुख्य बिंदु

यह पर्यावरण के लिए दुनिया का सबसे बड़ा जमीनी स्तर का अभियान है, जहां दुनिया भर के लोग एक घंटे के लिए गैर-जरूरी लाइट/रोशनी को बंद करके जलवायु परिवर्तन के खिलाफ मुहिम में एकजुट होते हैं और हमारे ग्रह के संरक्षण के लिए समर्थन करते हैं।

- अर्थ आवर 2007 में सिडनी में एक प्रतीकात्मक लाइट-आउट कार्यक्रम के रूप में शुरू हुआ था।

### अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- **प्लास्टिक वेस्ट न्यूट्रलः** फरवरी 2022 में भारत की सबसे बड़ी आयुर्वेद कंपनी डाबर (Dabur) पूरी तरह से प्लास्टिक वेस्ट न्यूट्रल (completely plastic waste neutral) बनने वाली पहली भारतीय फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (FMCG) कंपनी बन गई है।
- **ग्रीन योद्धाः** 'नाइडर इलेक्ट्रिक ने 25 नवंबर, 2021 को उद्योगों, व्यवसायों और लोगों को ठोस जलवायु कार्रवाई के लिए प्रोत्साहित करने के लिए भारत में अपनी 'स्थिरता जुड़ाव पहल' (sustainability engagement initiative) 'ग्रीन योद्धा' (Green Yodha) की शुरुआत की।
- **एक्वेरियमः** भारत का पहला डिजिटल वॉटर बैंक 'एक्वेरियम' (AQVERIUM) 14 मार्च, 2022 को बेंगलुरु में लॉन्च किया गया, जिसका उद्देश्य स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता प्रदान करना है।
- **कार्बन न्यूट्रल पंचायतः** जम्मू के सांबा जिले का पल्ली गांव कार्बन न्यूट्रल बनने वाली देश की पहली पंचायत बन गई है।
- **कुवैतः** कुवैत में 53.2 डिग्री सेल्सियस (127.7 डिग्री फारेनहाइट) का तापमान दर्ज किया गया, जिससे यह दुनिया के सबसे गर्म स्थानों में से एक बन गया।
- **जोनाथनः** जोनाथन नाम का सेशेल्स का विशालकाय कछुआ दुनिया का सबसे उम्रदराज जीवित स्थलीय जानवर है।
- **शुद्ध हरित हाइड्रोजन संयंत्र (India's first pure green hydrogen plant):** ऑयल इंडिया लिमिटेड द्वारा 20 अप्रैल, 2022 को असम के जोरहाट में भारत के पहले शुद्ध हरित हाइड्रोजन संयंत्र (India's first pure green hydrogen plant) का शुभारंभ किया गया।

# 05 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## आईआईटी बॉम्बे और मौसम विज्ञान विभाग के मध्य समझौता

5 मई, 2022 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT बॉम्बे) ने गाँव, शहर और जिला स्तर पर हितधारकों के लिए जलवायु समाधान विकसित करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के साथ भागीदारी की।

### मुख्य बिंदु

यह साझेदारी संस्थान को सेंसर और ड्रोन-आधारित स्मार्ट मॉनिटरिंग सिस्टम, पानी और खाद्य सुरक्षा के लिए जलवायु-स्मार्ट कृषि प्रौद्योगिकी, बुद्धिमान और स्वचालित प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, जलवायु और स्वास्थ्य, स्मार्ट पावर ग्रिड प्रबंधन, पवन ऊर्जा पूर्वानुमान, के विकास में सहायता करेगी।

- ❖ IIT बॉम्बे जलवायु अध्ययन में अंत:विषय कार्यक्रम (IDPCS) के भीतर जलवायु सेवाओं और समाधानों में उत्कृष्टता केंद्र (CoE) बनाने का इरादा रखता है।

## डेयरटूऐराडी टीबी

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने 24 मार्च, 2022 को विश्व तपेदिक (टीबी) दिवस के अवसर पर जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 'टीबी के उन्मूलन के लिए डेटा-संचालित अनुसंधान' डेयरटूऐराडी टीबी (Data-Driven Research to Eradicate TB: Dare2eraD TB) शुरू करने की घोषणा की।

- ❖ **मुख्य बिंदु:** यह Dare2eraD TB जैव प्रौद्योगिकी विभाग का समग्र टीबी कार्यक्रम होगा।
- ❖ 'डेयरटूऐराडी टीबी' डीबीटी का प्रमुख टीबी कार्यक्रम होगा जिसमें इंडियन ट्यूबरक्यूलोसिस जीनोमिक सर्वेलेंस कन्सोर्टियम, इंडियन टीबी नॉलेज हब-वेबिनार श्रृंखला और टीबी के खिलाफ होस्ट डायरेक्टेड थैरेपीज और एक्स्ट्रा पलमोनरी टीबी का इलाज करने के लिए साक्ष्य आधारित विधि विकसित करने जैसी प्रमुख पहल शामिल हैं।

## परम गंगा

राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM) ने 8 मार्च, 2022 को 1.66 पेटाफ्लॉप्स की सुपरकंप्यूटिंग क्षमता के साथ आईआईटी रुड़की में एक सुपर कंप्यूटर 'परम गंगा' को स्थापित किया है।

### मुख्य बिंदु

यह प्रणाली NSM की चरण-2 की निर्माण पहुंच के तहत सी-डैक द्वारा डिजाइन और चालू की गई है।

- ❖ राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा संयुक्त रूप से संचालित तथा सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग (सी-डैक) और भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

## पीएसएलवी-सी52 मिशन

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 14 फरवरी, 2022 को श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लॉन्च पैड से ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान 'पीएसएलवी-सी52' (PSLV-C52) को सफलतापूर्वक लॉन्च किया।

### मुख्य बिंदु

- ❖ पीएसएलवी-सी52 मिशन में तीन उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे गए।
- ❖ पीएसएलवी सी-52 में पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 'ईओएस-04' (EOS-04), इसरो का एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शक उपग्रह 'आईएनएस-2टीडी' (INS-2TD) और एक छात्र उपग्रह 'इंस्पायरसैट-1' (INSPIREsat-1) है।
- ❖ इन तीनों उपग्रहों को 529 किमी. की सूर्य-तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (sun-synchronous polar orbit) में सफलतापूर्वक प्रवेश कराया गया।
- ❖ **ईओएस-04:** लगभग 1710 किलोग्राम वजन के इस रडार इमेजिंग सैटेलाइट का मिशन काल (mission life) 10 साल है।
- ❖ **आईएनएस-2टीडी:** यह एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शक उपग्रह है।
- ❖ **इंस्पायरसैट-1:** यह संयुक्त राज्य अमेरिका के कोलोराडो विश्वविद्यालय के सहयोग से भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान का एक छात्र उपग्रह है।

## प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र

केंद्र सरकार ने आम आदमी विशेषकर गरीबों के लिए सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से, मार्च 2024 तक प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्रों की संख्या को 10 हजार तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### मुख्य बिंदु

26 राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों के 406 जिलों के 3579 ब्लॉकों में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र खोलने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

- ❖ इस योजना के तहत देश के 739 जिलों को कवर किया गया है और 31 मार्च, 2022 तक 8610 स्टोर खोले जा चुके हैं।
- ❖ फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया (PMBI) 'प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना' की कार्यान्वयन एजेंसी है।

# 06 योजना एवं कार्यक्रम

## एमएसएमई सतत (ZED) प्रमाणन योजना

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री नारायण राणे ने 28 अप्रैल, 2022 को 'एमएसएमई सतत (जेडईडी) प्रमाणन योजना' (MSME Sustainable (ZED) Certification Scheme) का शुभारंभ किया।

### मुख्य बिंदु

यह योजना एमएसएमई को शून्य दोष शून्य प्रभाव (Zero Defect Zero Effect: ZED) प्रथाओं को अपनाने और उन्हें एमएसएमई चैम्पियन बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए ZED प्रमाणन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए एक व्यापक अभियान है।

- इस योजना के तहत, एमएसएमई को ZED प्रमाणीकरण की लागत पर इस संरचना के अनुसार सब्सिडी मिलेगी- सूक्ष्म उद्यम को 80%; लघु उद्यम को 60%; और मध्यम उद्यम को 50%।

## डॉ.अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र योजना

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री और डॉ अम्बेडकर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र कुमार ने 22 अप्रैल, 2022 को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र योजना (Dr. Ambedkar Centres of Eñcellence (DACE) Scheme) का शुभारंभ किया।

### मुख्य बिंदु

अनुसूचित जाति के छात्रों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली मुफ्त कोचिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की जा रही है। इस योजना के तहत प्रति केंद्र कोचिंग के लिए कुल 100 सीटों की स्वीकृति प्रदान की गई है।

- कोचिंग के लिए कुल स्वीकृत सीटों में से 33% सीटों पर अनुसूचित जातियों की योग्य महिला उम्मीदवारों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
- विश्वविद्यालय को 100 छात्रों के लिए 75,000 रुपए प्रति वर्ष/ प्रति छात्र प्रदान किए जाएंगे।

## स्टैंड-अप इंडिया योजना

5 अप्रैल, 2022 को 'स्टैंड-अप इंडिया योजना' ने अपने क्रियान्वयन के 6 वर्ष पूरे किए, इस योजना को 5 अप्रैल, 2016 को लागू किया गया था।

### स्टैंड अप इंडिया योजना

वर्ष 2016 में लॉन्च की गई इस योजना के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर आर्थिक सशक्तीकरण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने पर बल दिया जाता है।

- इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों जैसे कमजोर वर्ग के लोगों को संस्थागत ऋण संरचना का प्रदान करना है।
- इसके तहत विनिर्माण, सेवा अथवा व्यापार क्षेत्र में ग्रीन फील्ड उद्यम स्थापित करने के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (SCB) की प्रत्येक शाखा से कम से कम एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमी को 10 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये के मध्य ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है।
- सिडबी और नाबार्ड के कार्यालयों को स्टैंड-अप कनेक्ट सेंटर (SUCC) नामित किया गया है।
- योजना के तहत ऋण केवल ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के लिए उपलब्ध हैं।
- योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु के अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति और/या महिला उद्यमियों को पात्र माना गया है। ऋण प्राप्तकर्ता को किसी भी बैंक अथवा वित्तीय संस्थान में लिए गए ऋण का डिफॉल्ट नहीं होना चाहिए।

## एंटरप्राइज इंडिया पहल

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने 27 अप्रैल, 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के एक भव्य कार्यक्रम "एंटरप्राइज इंडिया" का उद्घाटन किया।

- **मुख्य बिंदु:** "एंटरप्राइज इंडिया" उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देने और देश भर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं और पहल के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 27.04.2022 से लेकर 27.05.2022 के दौरान आयोजित विभिन्न उद्यमिता विकास कार्यक्रमों और गतिविधियों की एक शृंखला है।

## उन्नत भारत अभियान

उन्नत भारत अभियान (UBA) एक प्रमुख कार्यक्रम है, जो शिक्षा मंत्रालय के दायरे में आता है और इसका उद्देश्य देश के उच्च शिक्षा संस्थानों को न्यूनतम पांच गांवों के साथ जोड़ना है ताकि ये उच्च संस्थान इन गावों में सामाजिक और आर्थिक कार्यों में योगदान देने में मदद कर सकें।

### अभियान का उद्देश्य

उन्नत भारत अभियान का उद्देश्य देश की ग्रामीण वास्तविकताओं को समझने के लिए छात्रों और उच्च शिक्षण संस्थानों (HEI) के संकायों को शामिल करना है।

- इस योजना के तहत, छात्र और संकाय ग्रामीण क्षेत्रों में विकासात्मक मुद्दों की पहचान करने और स्थायी समाधान के साथ आने में मदद करते हैं।

# 07

# नियुक्ति

- **डॉ. सुमन के बेरीः** हाल में राजीव कुमार के स्थान पर डॉ. सुमन के बेरी को नीति आयोग का नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- **शांति सेठीः** अप्रैल 2022 में अमेरिकी नौसेना की दिग्गज भारतवंशी शांति सेठी को अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का कार्यकारी सचिव और रक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है।
- **अजय कुमार सूदः** अप्रैल 2022 में अजय कुमार सूद को केंद्र सरकार का प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA) नियुक्त किया गया है। उन्होंने प्रो. के. विजयराघवन का स्थान लिया है।
- **विजय सांपलाः** पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला को 27 अप्रैल, 2022 को दूसरी बार राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- **लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडेः** इन्हें जनरल एमएम नरवणे के स्थान पर 18 अप्रैल, 2022 को भारतीय सेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया है।
- **इमैनुएल मैक्रॉनः** 24 अप्रैल 2022 को, मरीन ले पेन को फ्रांस के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने के लिए इमैनुएल मैक्रॉन द्वारा पराजित किया गया है।
- **शाहबाज शरीफः** हाल ही में इमरान खान को प्रधानमंत्री के पद से हटाए जाने के बाद शाहबाज शरीफ को पाकिस्तान के 23वें प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है।
- **डॉ. एस. राजूः** इन्हें हाल ही में कोलकाता में विद्यमान भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (Geological Survey of India) के महानिदेशक बनाया गया है।
- **प्रो. शांतिश्री धुलीपुड़ीः** इन्हें हाल ही में जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में नियुक्त किया गया है। जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण करने वाली ये पहली महिला है।
- **विकास कुमारः** इन्होंने 1 अप्रैल, 2022 से दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (DMRC) के नए प्रबंध निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है।
- **डॉ. रेणु सिंहः** 29 मार्च को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा डॉ. रेणु सिंह को वन अनुसंधान संस्थान (FRI), देहरादून के अगले निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।
- **अपराजिता शर्माः** भारतीय अधिकारी अपराजिता शर्मा को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (International Telecommunication Union's - ITU) की प्रशासन और प्रबंधन पर परिषद की स्थायी समिति के उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया है।
- **जी. अशोक कुमारः** जनवरी 2022 में इन्हें राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन का महानिदेशक बनाया गया है।
- **अलका उपाध्यायः** दिसंबर 2021 में अलका उपाध्याय को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (The National Highways Authority of India) का नया अध्यक्ष बनाया गया है।
- **रवि कपूरः** मार्च 2021 में रवि कपूर को संसद टीवी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया।
- **कैलाश सत्यार्थीः** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने 16 सितंबर 2021 को नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी को अपने '17 सतत विकास लक्ष्यों के अधिवक्ताओं' (17 Sustainable Development Goals advocates) में से एक के रूप में नियुक्त किया है।
- **पीपीके रामाचार्युलूः** 1 सितंबर, 2021 को 63 वर्षीय 'परसाराम पट्टाभि केशव रामाचार्युलु' (Parsaaram Pattabhi Kesava Ramacharyulu) को राज्य सभा का नया महासचिव नियुक्त किया गया है।
- **नरेंद्र कुमार गोयनकाः** 17 जनवरी को नरेंद्र कुमार गोयनका को परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (AEPC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- **दिलीप संघानीः** 19 जनवरी को दिलीप संघानी को भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है।
- **पॉल-हेनरी सांडोगो दामिबाः** बुर्किना फासो के सैन्य नेता पॉल-हेनरी सांडोगो दामिबा ने 16 फरवरी को राष्ट्रपति के रूप में शपथ ले ली है।
- **न्यायमूर्ति आयशा मलिकः** न्यायमूर्ति आयशा मलिक ने जनवरी 2022 में पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण किया है।
- **टी. एस. तिरुमूर्तिः** इन्हें हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् (UNSC) की आतंकवादी विरोधी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- **अहमद नसीर अल रईसीः** इन्हें हाल ही में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) के नए अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया है।
- **अतुल केशपः** नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में पूर्व चार्ज डी अफेयर्स (Charge d' Affaires) अतुल केशप को एक उद्योग निकाय 'यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल' (USIBC) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- **सौमित्र दत्ताः** भारतीय मूल के प्रसिद्ध प्रोफेसर सौमित्र दत्ता को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय (यूके) के सैद बिजनेस स्कूल (Saîôd Business School of the University of OŒford) का डीन नियुक्त किया गया है।
- **झांग मिंगः** यूरोपीय संघ में चीन के पूर्व राजदूत झांग मिंग ने 1 जनवरी, 2022 को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के नए महासचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- **एंडी जेसीः** जुलाई 2021 में इन्हें ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।
- **गिरीश चंद्र मुर्मूः** इन्हें रासायनिक हथियारों के समापन के लिए प्रतिष्ठित अंतर-सरकारी संगठन (OPCW) का बाहरी लेखा परीक्षक चूना गया है।

# 08 निधन

## लता मंगेशकर

'भारत की स्वर कोकिला' के नाम से मशहूर जानी-मानी गायिका लता मंगेशकर का 6 फरवरी, 2022 को निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थी।

### मुख्य बिंदु

लता मंगेशकर ने 13 साल की उम्र में एक मराठी फिल्म 'किटी हसाल' के लिए अपना पहला पार्श्व गीत रिकॉर्ड किया।




- उन्होंने छत्तीस से अधिक भारतीय भाषाओं और कुछ विदेशी भाषाओं में गीत रिकॉर्ड किए, जिसमें मुख्य रूप से हिंदी, बंगाली, मराठी भाषाओं में गीत रिकॉर्ड किए।
- 1974 में, वे लंदन में रॉयल अल्बर्ट हॉल में प्रस्तुति देने वाली पहली भारतीय बनी।
- इन्हें भारत रत्न (2001), पद्म विभूषण (1999), पद्म भूषण (1969), दादा साहब फाल्के पुरस्कार (1989), सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका का फिल्मफेयर पुरस्कार (1959, 1963, 1966, 1970), सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (1972, 1974, 1990) तथा फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'ऑफिसर ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' (2009) प्राप्त हुए है।

## पंडित बिरजू महाराज

देश के प्रसिद्ध कथक नृतक पंडित बिरजू महाराज का 17 जनवरी, 2022 को दिल्ली में निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे।

### मुख्य बिंदु

लखनऊ के कालका-बिंदादीन घराने से ताल्लुक रखने वाले महाराज अपनी संपूर्ण लय और अभिव्यंजक हावभाव भाषा के लिए जाने जाते थे।



- पंडित बिरजू महाराज को वर्ष 1986 में प्रतिष्ठित पदम विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 2012 में, उन्होंने फिल्म 'विश्वरूपम' के लिए सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता।
- **अन्य पुरस्कार व सम्मान:** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार, संगम कला पुरस्कार और लता मंगेशकर पुरस्कार।

## कल्याण सिंह

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का 21 अगस्त, 2021 को निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे।

### मुख्य बिंदु

उनका जन्म 5 जनवरी, 1932 को अलीगढ़ में अतरौली तहसील के तहत मधौली गाँव में हुआ था।

- वे पहली बार 24 जून, 1991 से 6 दिसंबर, 1992 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। दूसरी बार वे 21 दिसंबर, 1997 से 11 नवंबर, 1999 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।
- वे 4 सितंबर, 2014 से 9 सितंबर, 2019 तक राजस्थान के राज्यपाल रहे। साथ ही वे जनवरी 2015 से अगस्त 2015 तक हिमाचल प्रदेश के कार्यवाहक (अतिरिक्त प्रभार) राज्यपाल भी रहे।
- वे 2004 से 2009 तक भाजपा से बुलंदशहर संसदीय क्षेत्र और 2009 से 2014 तक बतौर स्वतंत्र उम्मीदवार एटा (उ.प्र.) संसदीय क्षेत्र से लोक सभा सदस्य रहे। 2010 में, उन्होंने जन क्रांति पार्टी भी बनाई, बाद में 2013 में इसका भाजपा में विलय कर दिया गया था।

## रमेश चंद्र लाहोटी

भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (CJI) रमेश चंद्र लाहोटी का 23 मार्च, 2022 को नई दिल्ली में निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे।

### मुख्य बिंदु

जस्टिस लाहोटी को 1 जून, 2004 को सुप्रीम कोर्ट का 35वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। वे 1 नवंबर, 2005 को सेवानिवृत्त हुए थे। वे प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल में एक पूर्व स्वतंत्र निदेशक भी थे।

## दिलीप कुमार

हिन्दी फिल्मों के महान अभिनेता दिलीप कुमार का 7 जुलाई, 2021 को मुम्बई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे 98 वर्ष के थे।

- दिलीप कुमार ने अपने करियर की शुरुआत 1944 में फिल्म 'ज्वार भाटा' से की थी।
- उन्हें आठ बार फिल्म फेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है, जोकि एक कीर्तिमान है।
- भारतीय सिनेमा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 2015 में पद्म विभूषण, 1991 में पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- कुमार को 1994 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। पाकिस्तान सरकार ने कुमार को 1998 में पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'निशान-ए-इम्तियाज' से सम्मानित किया था।

# 09 प्रमुख युद्धाभ्यास

## युद्ध अभ्यास बिन्दुवार रूप में

- **मालाबार अभ्यास 2021:** भारतीय नौसेना ने अमेरिकी नौसेना, जापान के समुद्री आत्मरक्षा बल और रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के साथ 26 से 29 अगस्त, 2021 तक 'मालाबार अभ्यास 2021 के समुद्री चरण' में भाग लिया।
- **पश्चिम लहर:** पश्चिमी तट पर भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित एक संयुक्त समुद्री अभ्यास 'पश्चिम लहर' (XPL-2022) 25 जनवरी, 2022 को संपन्न हुआ।
- **सी ड्रैगन-22:** भारतीय नौसेना के एक P-8I लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान ने अमेरिका में गुआम में बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी रोधी युद्ध अभ्यास 'सी ड्रैगन-22' (Sea Dragon-22) में हिस्सा लिया।
- **दोस्ती अभ्यास:** मालदीव, भारत और श्रीलंका के द्विवार्षिक त्रिपक्षीय तटरक्षक अभ्यास 'दोस्ती' का 15वां संस्करण 20 से 24 नवंबर, 2021 तक मालदीव में सम्पन्न हुआ।
- **पीसफुल मिशन 2021:** सेना और वायु सेना के 200 कर्मियों के एक संयुक्त बल ने रूस में अभ्यास 'पीसफुल मिशन 2021' (Exercise Peaceful Mission 2021) में हिस्सा लिया। यह अभ्यास शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के बीच 13 से 25 सितंबर, 2021 तक दक्षिण पश्चिम रूस के ऑरेनबर्ग क्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसमें पाकिस्तान और चीन भी शामिल थे।
- **ऑपरेशन संकल्प:** 14 जुलाई, 2021 को एक आधिकारिक बयान के अनुसार भारतीय नौसेना के 'ऑपरेशन संकल्प' (Operation Sankalp) ने खाड़ी क्षेत्र में प्रतिदिन औसतन 16 भारतीय ध्वज धारक व्यापारिक जहाजों (Indian-flagged merchant vessels) को सुरक्षित आवाजाही प्रदान की है।
- **कटलैस एक्सप्रेस 2021:** आईएनएस तलवार समुद्री ने अभ्यास 'कटलैस एक्सप्रेस 2021' (Cutlssa Express 2021) में भाग लिया। इस अभ्यास का संचालन 26 जुलाई से 6 अगस्त, 2021 तक अफ्रीका के पूर्वी तट पर किया गया।

## प्रमुख युद्ध अभ्यास की सूची

| युद्ध अभ्यास | देश/संस्था | सेना | स्थल | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|---|
| स्लीनेक्स 2022 | भारत और श्रीलंका | नौसेना | विशाखापत्तनम | 2005 में द्विपक्षीय समुद्री अभ्यासों की 'स्लीनेक्स' (SLINEX) शृंखला शुरू की गई थी। |
| धर्म गार्जियन -2022 | भारत और जापान | थल सेना | बेलगाम (कर्नाटक) | यह एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है। यह वर्ष 2018 से आयोजित किया जा रहा है। |
| दस्तलिक 2022 | भारत और उज्बेकिस्तान | थल सेना | उज्बेकिस्तान | यह इसका तीसरा संस्करण है। |
| लामितिये 2022 | भारत और सेशेल्स | थल सेना | सेशेल्स | यह एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। |
| मिलन 2022 | बहुपक्षीय | नौसेना | विशाखापत्तनम | मिलन नौसैनिक अभ्यास की शुरुआत वर्ष 1995 में की गयी थी। |
| ईस्टर्न ब्रिज -VI- 2022 | भारत और ओमान | वायु सेना | जोधपुर | यह इस अभ्यास का छठा संस्करण था। |
| पैनेक्स- 21 | बिम्सटेक | - | पुणे | यह अभ्यास मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) पर केंद्रित था। |
| एकुवेरिन (11वां) | भारत और मालदीव | थल सेना | मालदीव | यह अभ्यास 2009 से आयोजित किया जा रहा हैं। |
| शक्ति 2021 | भारत और फ्रांस | थल सेना | फ्रांस | यह अभ्यास 'शक्ति 2021' (Excercise 'SHAKTI 2021') का छठा संस्करण था। |
| सिटमेक्स - 21 | भारत, सिंगापुर और थाईलैंड | नौसेना | अंडमान सागर | 2019 से सिटमेक्स (SITMEX) प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। |
| युद्ध अभ्यास 2021 | भारत और अमेरिका | थल सेना | अलास्का (यूएसए) | यह संयुक्त अभ्यास का 17वां संस्करण था। |

# 10 प्रमुख सूचकांक

## विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक, 2022

रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने 180 देशों और क्षेत्रों में पत्रकारिता की स्थिति का आकलन करने हेतु 3 मई, 2022 को 20वां विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2022 जारी किया है।

### मुख्य बिंदु

विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक, 2022 में नॉर्वे प्रथम, डेनमार्क दूसरे और स्वीडन तीसरे स्थान पर है, जबकि उत्तर कोरिया 180 देशों और क्षेत्रों की सूची में सबसे नीचे विद्यमान है।

- 2022 की सूचकांक में भारत की रैंकिंग पिछले साल के 142वें स्थान से कम होकर 150वीं हो गई है।
- इसमें पाकिस्तान 157वें, श्रीलंका 146वें, बांग्लादेश 162वें और म्यांमार 176वें स्थान पर है।

## क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग

6 अप्रैल, 2022 को विषय आधारित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2022 (QS World University Rankings-2022) जारी की गई। सब्जेक्ट के आधार पर रैंकिंग तैयार करने के लिए, क्यूएस रैंकिंग में मुख्य रूप से अकादमिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा, उद्धरण (citation) और एच-इंडेक्स पर विचार किया जाता है।

### मुख्य बिंदु

लगातार 10वें वर्ष अमेरिका की एमआईटी (Massachusetts Institute of Technology-MIT) को सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी के रूप में सम्मानित किया गया है।

- इस वर्ष, यूनिवर्सिटी रैंकिंग में कुल 1,029 यूनिवर्सिटी शामिल हैं। अमेरिकी संस्थान 51 में से 28 विषयों में टॉप पर हैं। MIT 12 विषयों में नंबर 1 पर आकर सर्वाधिक बेहतर प्रदर्शन करने वाला संस्थान है।

### भारत का प्रदर्शन

भारत की बात की जाए तो, यहां के 5 IIT, 2 IIM, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) और दिल्ली विश्वविद्यालय (DU) उन 16 उच्च शिक्षण संस्थानों में से हैं, जो विश्व स्तर पर अपने संबंधित विषय श्रेणियों में शीर्ष 100 में शुमार हैं।

- देश में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे (IIT Bombay) ने सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है।
- IIT दिल्ली के चार अकादमिक कार्यक्रम भी रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हैं।

## भारत टीबी रिपोर्ट 2022

24 मार्च, 2022 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी 'भारत टीबी रिपोर्ट 2022' (India TB Report 2022) के अनुसार भारत ने पिछले वर्ष की तुलना में 2021 में तपेदिक के मामलों में 19% की तेज वृद्धि दर्ज की है।

### मुख्य बिंदु

सरकार ने 2025 तक भारत को तपेदिक मुक्त बनाने की प्रतिबद्धता की है, जिसे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और उन्नत उपचार तक पहुंच सुनिश्चित करके हासिल किया जाएगा।

- सरकार ने राष्ट्रीय टीबी प्रसार सर्वेक्षण रिपोर्ट भी जारी की है, जो टीबी के वास्तविक रोग प्रसार को जानने के लिए 2019 से 2021 तक आयोजित की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार 2019 और 2020 के बीच टीबी के सभी रूपों के कारण मृत्यु दर में 11% की वृद्धि हुई है।

## वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2022

18 मार्च, 2022 को वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट का 10वां संस्करण जारी किया गया था। वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क द्वारा प्रकाशित की जाती है।

### मुख्य बिंदु

वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में शीर्ष स्थान फिनलैंड को प्राप्त हुआ है। फिनलैंड को लगातार पांच बार दुनिया का सबसे खुशहाल देश घोषित किया गया। दूसरे स्थान पर डेनमार्क और तीसरे स्थान पर आइसलैंड है।

- **अफगानिस्तान को सबसे दुखी राष्ट्र के रूप में स्थान दिया गया। उसके बाद क्रमशः** लेबनान, जिम्बाब्वे, रवांडा और बोत्सवाना को स्थान मिला है।
- 2022 की रिपोर्ट में भारत 136वें (स्कोर-3.777) स्थान पर है और 2021 में 139वें स्थान पर था।

## विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2021

स्विट्जरलैंड स्थित वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी 'आईक्यूएयर' (IQAir) द्वारा जारी 'विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2021' के अनुसार बांग्लादेश दुनिया का सबसे प्रदूषित देश है।

### मुख्य बिंदु

हवा में पार्टिकुलेट मैटर के संदर्भ में, बांग्लादेश ने 2021 में 76.9 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर का औसत पीएम2.5 (पार्टिकुलेट मैटर) स्तर दर्ज किया है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित 5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के अधिकतम अनुमेय स्तर से कहीं अधिक है।